# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 18.05.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

**मुख्य समाचार :–**

1. लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का प्रचार अभियान समाप्त : लखनऊ, रायबरेली और अमेठी सहित चौदह संसदीय निर्वाचन क्षेत्रों में 20 मई को होगा मतदान।
2. संसदीय चुनाव के शेष चरणों के लिये प्रचार में आयी आर तेजो : बस्ती में राजनाथ सिंह और मायावती, झांसी में अमित शाह तथा अम्बेडकरनगर में अखिलेश यादव ने की जनसभायें।
3. लोकसभा के सातवें चरण में नाम वापसी के बाद वाराणसी सहित तेरह लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों में कुल एक सौ चवालीस पत्याशी मैदान में।

और

4. प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में लू का प्रकोप जारी : लखनऊ सहित आसपास के जिलों में 20 मई तक भीषण गर्मी का अलर्ट जारी।

---

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण का प्रचार अभियान आज शाम पांच बजे खत्म हो गया। इस चरण में प्रदेश की 14 सीटों–लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फजाबाद, कैसरगंज और गोण्डा के लिये 20 मई को मतदान हागा। इसके अलावा लखनऊ की पूर्वी विधानसभा सीट के उपचुनाव के लिये भी वोट डाले जायेंगे।

पांचवें चरण में देश में चर्चित लखनऊ, अमेठी और रायबरेली सीटों पर भी वोट डाले जायेंगे। लखनऊ संसदीय सीट से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार भाजपा उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। वह पिछले दो चुनावों में यहां से निर्वाचित रहे हैं। श्री सिंह का मुकाबला इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी के पार्टी प्रत्याशी रविदास महरोत्रा और बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार सरवर मलिक सहित दस उम्मीदवारों से है। वहीं रायबरेली से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी अपना राजनैतिक भाग्य आजमा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी ने उनके खिलाफ प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह को चुनाव समर में उतारा है।

उधर अमेठी संसदीय क्षेत्र से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक बार फिर भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं।

वहां कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। मोहनलालगंज सुरक्षित सीट से केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशार तीसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं, जबकि समाजवादी पार्टी ने प्रदेश के पूर्व मंत्री आर.के.चौधरी को चुनाव मैदान में उतारा है। 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने इन चौदह सीटों में से तेरह सीटें जीती थीं। कांग्रेस सिर्फ रायबरेली सीट जीत सकी थी और वहां से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी निर्वाचित हुई थीं।

——————————

लोकसभा चुनाव के छठे और अंतिम चरण के लिये प्रचार अभियान और तेज हो गया है। राजनीतिक दलों के प्रमुख नेता और स्टार प्रचारक जगह–जगह जनसभाएं और रोड–शो कर रहे हैं। इसी क्रम में भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने आज बस्ती में भाजपा प्रत्याशी हरीश द्विवेदी के समर्थन में आयोजित जनसभा को सम्बोधित किया। श्री सिंह ने कहा कि पिछले दस वर्षों के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास की नई ऊचाइयों को छुआ है। उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार की जन–कल्याणकारी योजनाओं और नीतियों से 25 करोड़ लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। सरकार की नीतियों से ही दुनिया में भारत के प्रति धारणा बदलो है और इसे सम्मान की दृष्टि से देखा जाने लगा है।

श्री सिंह ने दावा किया कि आने वाले वर्षों में प्रदेश कांग्रेस और समाजवादी पार्टी का प्रभाव समाप्त हो जायेगा।

उधर भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने झांसी, बांदा और ललितपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा को सम्बोधित करते हुए दावा किया कि चौथे चरण के बाद भाजपा 270 सीटों का आंकड़ा पार कर चुकी है और देश में पांचवें चरण के चुनाव के बाद 300 के आंकड़े की ओर बढ़ रही है।

श्री शाह ने कांग्रेस और इंडिया गठबंधन पर परिवार केंद्रित गठबंधन होने का आरोप लगाया और कहा कि वे सिर्फ अपन परिवार के बारे में सोचते हैं। वहीं श्री शाह ने अमेठी में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में रोड–शो कर लोगों से वोट देने की अपील की।

समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बलरामपुर में श्रावस्ती सीट से पार्टी प्रत्याशी रामशिरोमणि वर्मा के पक्ष में आयोजित जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर किसानों का पूरा कर्ज़ माफ किया जायेगा और युवाओं को नौकरियां दी जायेंगी। श्री यादव ने कहा कि चुनाव में बढ़–चढ़कर हिस्सा लेना जरूरी है, क्योंकि यह चुनाव संविधान को बचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा। बसपा सुप्रीमो मायावती ने बस्ती में पार्टी प्रत्याशी लवकुश पटेल के समर्थन में आयोजित जनसभा में दावा किया कि इस बार भारतीय जनता पार्टी

केन्द्र की सत्ता में वापस नहीं आयेगी। उन्होंने कहा कि देश की जनता भाजपा की गारंटी को पूरी तरह समझ रही है और वह इनके भ्रमजाल में अब फंसने वाली नहीं है। सुश्री मायावती ने कहा कि चुनाव में टिकट के बंटवारे में उनकी पार्टी ने सर्व समाज के लोगों को उचित भागीदारी दी है।

———————

बाकी चरणों के चुनाव प्रचार में दिन–प्रतिदिन तेजी आ रही है। छठे चरण में श्रावस्ती समेत चौदह संसदीय सीटों पर 25 मई को मतदान होगा। श्रावस्ती के चुनावी परिदृश्य पर एक नजर....

*श्रावस्ती लोकसभा में चुनाव की सरगर्मियां तेज हो चुकी है इस सीट को एक तरीके से अगर देखा जाए तो हॉट सीट माना जा रहा है यहां पर बड़े–बड़े दिग्गज अपनी प्रतिष्ठा बचाने में लगे हुए हैं चाहे समाजवादी पार्टी के अखिलेश यादव अपने प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा की प्रतिष्ठा बचाने में लगे हैं तो वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करीबी साकेत मिश्रा पूरे दमखम के साथ चुनावी मैदान में है जिनको लेकर प्रधानमंत्री खुद एक बड़ी चुनावी जनसभा करने वाले हैं तो वही बसपा के स्थानीय उम्मीदवार भी स्थानीय वोट समेटने में जुटे हुए हैं अब देखना है कि 25 मई को जनता किसके हक़ में वोट करती है। अम्मार रिज़वी आकाशवाणी समाचार श्रावस्ती।*

उधर अम्बेडकरनगर संसदीय क्षेत्र में चुनावी गतिविधियां चरम पर है। और ब्यौरा आकाशवाणी प्रतिनिधि से..

*मई के इस महीने में सूरज की तपिश के बीच लोकसभा चुनाव को लेकर अम्बेडकरनगर का सियासी तापमान अपने चरम पर है। राजनीतिक दलों के नेताओं के साथ ही समर्थकों और कार्यकर्ताओं का हुजूम अपने अपने प्रत्याशियों को जिताने में जुट गए हैं। गांव के नुक्कड़ की दुकानों से लेकर शहर के चौराहों तक हर जगह सियासत की ही चर्चा हो रही है। अम्बेडकरनगर लोकसभा सीट को लेकर वैसे तो आठ प्रत्याशी मैदान में हैं जिनमे तीन प्रमुख दल सपा, बसपा और भाजपा शामिल है। इस लोकसभा सीट को लेकर सपा और*

*भाजपा में सीधा मुकाबला दिख रहा है। भाजपा की तरफ से केशव प्रसाद मौर्या और स्वतंत्र देव सिंह ने अलग अलग जनसभाओं को संबोधित किया। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने शिवबाबा के मैदान में एक विशाल जनसभा को संबोधित किया। अखिलेश यादव ने कहा कि संविधान, आरक्षण और लोकतंत्र बचाने के लिए इंडिया गठबंधन की सरकार जरूरी है। प्रयास सभी दलों की तरफ से जारी है और परिणाम 4 जून को आएगा। अनुराग चौधरी आकाशवाणी समाचार, अम्बेडकरनगर।*

——————————

**ब्रेक**

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट एन0आई0सी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

प्रादेशिक समाचारों के इस बुलेटिन में आपका फिर से स्वागत है।

——————————

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और मध्य प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने कहा है कि पिछले दस वषों के दौरान एनडीए शासन काल में किसानों का एक रूपये का कर्ज़ माफ़ नहीं किया गया जबकि देश का हजारों करोड़ रुपये लेकर भागने वाले उद्योगपतियों का कज माफ कर दिया गया। श्री सिंह ने लखनऊ में प्रेस कांफ्रेंस में कहा कि इंडिया गठबंधन की सरकार बनने पर हर महिला के खाते

में 8 हजार 500 रुपए महीना दिया जाएगा। उन्होंने एक सवाल के जवाब में कहा कि बुलडोजर का इस्तेमाल कानून के खिलाफ है इसका कोई प्रावधान नहीं है।

—————————

वहीं अखिल भारतीय कांग्रेस सोशल मीडिया सेल की चेयर पर्सन सुप्रिया श्रीनेत ने कहा है कि यह लोकसभा चुनाव भारतीय राजनीति का स्वरूप तय करेगा। श्रीमती सुप्रिया आज प्रयागराज में मीडिया से बातचीत कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस चुनाव से यह बात तय हो जायेगी कि देश संविधान के अनुरूप चलेगा या भारतीय जनता पार्टी की मंशा के तहत चलेगा।

—————————

राज्य में लोकसभा के सातवें चरण में नाम वापसी के बाद अब कुल 144 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने लखनऊ में बताया कि लोकसभा चुनाव के सातवें चरण में 13 लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 317 प्रत्याशियों ने नामांकन किया था। नामांकन पत्रों की जांच में 167 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए और छह प्रत्याशियों ने अपनी उम्मीदवारी वापस ले ली है। वहीं सोनभद्र जिले की दुद्धी विधानसभा सीट के उप चुनाव के लिए कुल 6 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

—————————

प्रदेश के अधिकांश जिलों में लू का प्रकोप जारी है। इस बीच मौसम विभाग ने राजधानी लखनऊ सहित

आसपास के जिलों में 20 मई तक भीषण गर्मी का अलर्ट जारी किया है। उन्होंने बताया कि लखनऊ में आज अधिकतम तापमान 44 डिग्री पहुंच गया। यह इस सीजन का सबसे अधिक तापमान है। न्यूनतम तापमान 27 डिग्री दर्ज किया गया। पिछले साल 18 मई को अधिकतम तापमान 39 डिग्री और न्यूनतम तापमान 26 डिग्री दर्ज किया गया था।

———————

पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने अपने परिवार के साथ आज अयोध्या में श्री रामलला का दर्शन–पूजन किया। इस दौरान वह श्रीराम जन्मभूमि परिसर स्थित कुबेर टीला भी गये। इससे पहले पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने ऐतिहासिक हनुमानगढ़ी मंदिर में पूजा–अर्चना की। वहीं दिगम्बर जैन मंदिर में ज्ञानमती माता से आशिर्वाद लिया और उनके साथ आध्यात्मिक चर्चा की।

———————

बहराइच जिले के जरवल इलाके मेंघूरनपुर गांव में कल देर रात उर्स के मौके पर आतिशबाज़ी के दौरान गोला फटने से नौ लोग झुलस गये। इनमें तीन लोगों की हालत गंभीर है जिनका इलाज लखनऊ में चल रहा है।

———————

इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने आतंकी संगठन अलकायदा और जमात–उल–मुजाहिदीन की मदद करने के आरोप में गिरफ्तार 11 आरोपियों को जमानत दे

दी है। इन सभी को एटीएस ने गिरफ्तार किया था। इन लोगों के खिलाफ जांच एजेंसी 90 दिनों में चार्जशीट दाखिल नहीं कर पाई, जिसकी वजह से इन्हें सशर्त जमानत मिल गई। न्यायमूर्ति एआर मसूदी और न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगम की खंडपीठ ने आज यह आदेश दिया।

———————————